स्वाधीनता दिवस एवं शाखा स्थापना दिवस के आयोजन की रिर्पोट

मारवाड़ी सम्मेलन की कामाख्या शाखा ने आठगाँव चाबीपूल प्राथमिक विद्यालय मे अपना द्वितीय स्थापना दिवस एवम 71वाँ स्वतंत्रता दिवस कई कार्यक्रमों के साथ मनाया। उक्त अवसर पर विद्यालय के उप-परिदर्षक श्री देवेन्द्र चन्द्र लहकर ने मुख्य अतिथि के रूप में झण्डोत्तोलन किया। इस कार्यक्रम सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष श्री मधुसुदन सीकरिया, संगठनिक मंत्री श्री अशोक अग्रवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री ओंकारमल अग्रवाल, विद्यालय के उप-निरीक्षक श्री दयाकान्त गोगोई, प्रधान अध्यापक श्री हरिधन कोटोकी, विद्यालय परिचालना समिति की अध्यक्षा श्रीमती स्वप्ता दास, चाबीपूल महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती कल्पना चौधरी, प्रान्तीय महामंत्री श्री प्रमोद तिवाड़ी उपस्थित थे। कामरूप शाखाने इस विद्यालय का नविनीकरण कर तीन शौचालय, शुद्ध पानी की मशीन, पानी की टंकी सहित विद्यालय का सौन्दर्यकरण के लिए वृक्षरोपण किया। छात्र-छात्राओं को मिठाई व उपहार वितरण किये गये। स्वच्छ शौचालय का उद्घाटन उप-परिदर्षक श्री देवेन्द्र चन्द्र लहकर ने किया तथा पेयजल सेवा का उद्घाटन प्रांतीय अध्यक्ष श्री मधुसुदन सीकरिया ने किया। उपहार वितरण शाखाध्यक्ष श्री पवन कुमार जाजोदिया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री ओकारमल अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के नविनीकरण एवं वृक्षरोपण के कार्य में विशेष सहयोग देनेवाले सदस्य श्री मुकेश जिन्दल, श्री विजय भिमसरीया, श्री प्रदीप जाजोदिया और श्री रतन कुमार अग्रवाल को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन निवर्तमान शाखाध्यक्ष श्री सम्पत मिश्र ने किया।

बिमल ककड़ा
कार्यक्रम सयोजक